हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 4 अगस्त 2026
सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

06 वेयरहाउस फुल, स्लॉट खत्मः मूंग खरीदी ...



07 सारंगपुर विकासखंड के रामपुराखेड़ा स्कूल में ...



खबर संक्षेप

1-2 हेक्टेयर नर्सरी पर 40 फीसदी का अनुदान

सीहोर। उद्यानिकी विभाग ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन एमआईडीएच योजना के तहत निजी क्षेत्र में 1 से 2 हेक्टेयर में बड़ी नर्सरी लगाने पर अनुदान देने की बात कही है। विभाग के सहायक संचालक जगदीश मुजाल्दा के मुताबिक इस घटक में प्रति हेक्टेयर अधिकतम 30 लाख रुपए की अनुमत लागत पर 40 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है। योजना बैंक आधारित रहेगी। हितग्राही को बैंक से ऋण स्वीकृत होने के बाद ही ऋण से जुड़ी प्रक्रिया पूरी करनी होगी। योजना का क्रियान्वयन एमआईडीएच की गाइडलाइन के अनुसार होगा। 13 अगस्त तक सहायक कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 126-127 में आवेदन जमा कर सकते हैं।

जिले में 3 अगस्त तक औसत 508.8 मिमी बारिश दर्ज

सीहोर। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त दैनिक वर्षा रिपोर्ट के अनुसार 3 अगस्त 2026 को जिले में औसतन 2.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक 10.0 मिमी वर्षा सीहोर तहसील में रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा श्यामपुर में 6.0 मिमी तथा आष्टा में 5.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जावर, इछावर, भैरूंदा, बुधनी एवं रेहटी तहसीलों में वर्षा दर्ज नहीं की गई। 1 जून 2026 से 3 अगस्त 2026 तक जिले में औसतन 508.8 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है, जबकि गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 646.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी। तहसीलवार आंकड़ों के अनुसार आष्टा में सर्वाधिक 582.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इसके अलावा रेहटी में 549.0 मिमी, बुधनी में 531.0 मिमी, इछावर एवं भैरूंदा में 527.0-527.0 मिमी, जावर में 495.0 मिमी, सीहोर में 488.6 मिमी तथा श्यामपुर में 371.4 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

18 अगस्त से पार्थिव शिवलिंग निर्माण व श्रीमद्भागवतकथा

सीहोर। श्रीधाम सरकार एवं ब्रह्मलीन पंडित सत्यनारायण शर्मा की प्रेरणा से श्रावण मास में 18 अगस्त मंगलवार से 24 अगस्त सोमवार तक मां नर्मदा उत्तर तट ग्राम नीलकंठ यज्ञशाला परिसर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण व सप्तदिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की जानकारी देते हुए अनुष्ठान आचार्य पंडित प्रमोद दुबे ने बताया कि आचार्य पंडित दिनेश शास्त्री भाऊखेड़ी सीहोर के मुखारविंद से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का वाचन प्रतिदिन सुबह 11 से 2 बजे तक किया जाएगा। 18 अगस्त मंगलवार को प्रातः 9 बजे ब्राह्मणों द्वारा वेद मंत्र उच्चारित कर शिव परिवार और मां नर्मदा की पूजा अर्चना के साथ कलश यात्रा प्रारंभ होगी। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओ से अपील की है कि कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता प्रदान करें।

सड़क किनारे लगाए सेवा पंडाल, कांवड़ यात्रियों की सेवा में जुटे सेवादार

सावन सोमवारः सीवन से कुबेरेश्वरधाम तक निकली कावड़ यात्रा, शिवालयों में गूंजे बम भोले के जयकारे

सुबह चार बजे से देर रात तक कांवड़ यात्रियों की आवाजाही, सड़क किनारे जगह-जगह सेवा पंडालों में हुआ श्रद्धालुओं का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सावन मास के पहले सोमवार पर शहर से लेकर कुबेरेश्वरधाम तक आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम तक भव्य कांवड़ यात्रा में देशभर से आए कांवड़ यात्रियों और शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह करीब चार बजे से देर रात तक सीवन नदी तट पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सीवन नदी से पवित्र जल भरकर करीब 11 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए कुबेरेश्वरधाम पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

सावन के पहले सोमवार पर शहर के सीवन नदी तट से लेकर कुबेरेश्वरधाम तक पूरा मार्ग हर-हर महादेव और श्री शिवाय नमस्तुभ्यं के जयघोष से गूंजता रहा। बारिश और उमस के बीच भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। महिलाएं, पुरुष, युवा और बुजुर्ग सभी भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए।

सड़क किनारे लगाए सेवा पंडाल, कांवड़ यात्रियों की सेवा में जुटे सेवादार :कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए सीवन नदी से कुबेरेश्वरधाम तक जगह-जगह सेवा पंडाल लगाए गए। इन पंडालों में श्रद्धालुओं के लिए चाय, फलाहार, पेयजल एवं भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई। स्थानीय समाजसेवियों, धार्मिक संगठनों और शिवभक्तों ने पूरे सेवाभाव के साथ कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया। कांवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु सीवन नदी तट पहुंचे। लगातार बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या के कारण सीवन नदी तट और कुबेरेश्वरधाम के आसपास का क्षेत्र धार्मिक उत्सव के रूप में नजर आया। शहरवासियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा सीवन नदी तट से कुबेरेश्वरधाम तक कांवड़ यात्रा और शिवभक्ति को लेकर किए जा रहे आह्वान के कारण देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। सीवन नदी तट अब बड़ी संख्या में



शिवभक्तों के लिए धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र के रूप में पहचान बना रहा है। पंडित प्रदीप मिश्रा ने शिवभक्तों को संदेश देते हुए कहा कि पूरे वर्ष भगवान शिव को एक लोटा जल अर्पित करना चाहिए, वहीं सावन मास में दो लोटा जल से भगवान शिव का अभिषेक करें। उन्होंने कहा कि भगवान की पूजा-अर्चना सच्चे विश्वास और श्रद्धा के साथ करने से जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है।

घर बैठे ऑनलाइन शिव महापुराण कथा का श्रवण करें

ऑनलाइन कथा के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने देशभर के शिवभक्तों से अपील की कि वे अपने-अपने घरों पर ऑनलाइन श्री कांवड़ शिव महापुराण कथा का श्रवण करें। सावन मास के अवसर पर पांच दिवसीय ऑनलाइन शिव महापुराण कथा का शुभारंभ किया गया है, जिसमें शिवभक्ति और भगवान शिव की महिमा से जुड़े प्रसंगों का श्रवण कराया जा रहा है।



पूरा मार्ग शिवमयः पहले सोमवार को डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि सावन के पहले सोमवार को डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु कुबेरेश्वरधाम पहुंचे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और समिति द्वारा सुरक्षा, यातायात, पेयजल, चिकित्सा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। उन्होंने बताया कि सीवन नदी से कुबेरेश्वरधाम तक आने वाले कांवड़ यात्रियों के लिए विभिन्न स्थानों पर चाय, फलाहार और पेयजल की व्यवस्था की गई है। सेवादार लगातार श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हुए हैं। सावन के पहले सोमवार पर सीवन नदी तट से लेकर कुबेरेश्वरधाम तक दिखाई दिया यह नजारा भगवान शिव के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था और विश्वास को दर्शाता रहा। देर रात तक कांवड़ यात्रियों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा और पूरा मार्ग शिवमय नजर आया।

शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों और जनकल्याण योजनाओं में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : कलेक्टर

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा सभी विभाग निर्धारित समय-सीमा में अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

बैठक में कलेक्टर ने शासकीय विभागों को भूमि आवंटन से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने भूमि आवंटन की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब पर संबंधित अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि विभागीय समन्वय स्थापित कर सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए, ताकि विकास एवं निर्माण कार्य समय पर प्रारंभ हो सकें। नेशनल हाईवे एवं रेल परियोजनाओं की समीक्षा



के दौरान कलेक्टर ने भूमि अधिग्रहण से संबंधित मुआवजा वितरण की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष हितग्राहियों को मुआवजा राशि का वितरण शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा परियोजनाओं में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न होने पाए।

बैठक में गीता भवन के लिए उपयुक्त भूमि के चयन एवं आवंटन की कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए भूमि आवंटन की कार्रवाई शीघ्र संपादित की जाए। वन एवं राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने वन मित्र पोर्टल पर लंबित वनाधिकार दावों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने फौती नामांतरण, वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन तथा वन खण्डों के व्यवस्थापन से संबंधित लंबित प्रकरणों का भी शीघ्रता से निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों एवं प्रभावित परिवारों को समय पर राहत एवं सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

हर्षोल्लास, उमंग व उत्साह से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

सीहोर। आगामी 15 अगस्त को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, उमंग व उत्साह के साथ मनाने के लिए कलेक्टर बालागुरू के. की की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में स्वतंत्रता दिवस के गरिमामय एवं भव्य आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह पुलिस परेड ग्राउंड पर प्रातः 9 बजे आयोजित होगा। बैठक में एसपी सोनाक्षी सक्सेना ने भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने जिला स्तरीय समारोह में ध्वजारोहण, परेड निरीक्षण, मार्च पास्ट, प्रशस्ति पत्र वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, समारोह की रिहर्सल, पेयजल व्यवस्था, स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान, यातायात व्यवस्था, प्रभात फेरी, बैठक व्यवस्था, स्वच्छता व सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों को जो दायित्व सौंपा गया है वे पूरी गंभीरता से समय पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने स्वतंत्रता दिवस समारोह में शासकीय सेवकों तथा आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने नगर के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे सीहोर परेड ग्राउंड पर आयोजित होने वाले आजादी के इस भव्य समारोह में जरूर शामिल हों। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना, संयुक्त कलेक्टर रविंद्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

विजेता प्रतिभागी राज्य स्तर पर करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व

जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में युवाओं ने दिया नशा मुक्त विकसित भारत बनाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित माय भारत सीहोर द्वारा सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नशामुक्त भारत के उद्देश्य से प्रतियोगिताओं एवं विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नशामुक्त भारत का संकल्प लेते हुए संगीत एवं नृत्य, नाटक, नुक्कड़ नाटक, मूकाभिनय, चित्रकला, लघु फिल्म, वाद-विवाद, नारा



लेखन तथा स्लैम पोएट्री जैसी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेता प्रतिभागी राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कार्यक्रम में युवाओं को नशामुक्ति के विभिन्न आयाम बताए गए और जागरूक किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया तथा स्वस्थ एवं जागरूक भारत के निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला जेल उप अधीक्षक श्री दिलीप नायक, प्रभारी प्राचार्य डॉ शीलचंद गुप्ता, हिताय संस्था के श्री उमेश पंसारी सहित प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर जश्न ढोल-नगाड़ों के साथ आतिशबाजी, बांटी मिठाई



सीहोर। दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत की घोषणा के बाद सीहोर में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विजय उत्सव मनाया। शहर के मुख्य चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर जश्न मनाया, आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि यह जीत केवल एक प्रत्याशी की नहीं, बल्कि कांग्रेस की विचारधारा, कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास की जीत है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव ने कहा कि दतिया उपचुनाव का परिणाम प्रदेश की राजनीति के लिए जरूरी संदेश है। उन्होंने इसे जनता का जनादेश बताया है। कार्यक्रम के दौरान शहर के मुख्य चौराहे पर आतिशबाजी की गई और मिठाई बांटी गई। इस मौके पर प्रमुख से राजेन्द्र वर्मा, राजाराम बड़े भाई, रमेश गुप्ता, सुनील दुबे, ओम बाबा राठौर, हफीज चौधरी, प्रेमनारायण परमार, हसीन कुरैशी, घनश्याम मीणा, नरेन्द्र खंगराले, निशांत वर्मा, सलीम कुद्दुसी, केके रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, नायाब खान, आसिफ अंसारी, संतोष मालवीय, विनवेश चौहान, मुकेश ठाकुर, सोनु विश्वकर्मा, पंकज शर्मा, मोनू शर्मा, मनीष मेवाड़ा, तनिष्क त्यागी, शुभम त्यागी, यश यादव, अनुभव सेन, अक्षत, आयूष मेवाड़ा, राजेन्द्र राजपूत, जनित परमार, अरबाज खान, ओम सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नागरिकगण उपस्थित है।

खबर संक्षेप



मूंग उपार्जन में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो : कलेक्टर

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. ने बैठक आयोजित कर मूंग उपार्जन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी मूंग उपार्जन केन्द्रों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा पूरी प्रक्रिया की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों से पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से मूंग का उपार्जन किया जाए तथा किसी भी किसान को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि व्यापारी किसी भी स्थिति में किसानों के नाम पर अथवा अन्य किसी माध्यम से उपार्जन केन्द्रों पर मूंग का विक्रय न कर सकें। इसके लिए राजस्व, कृषि, खाद्य, सहकारिता एवं मंडी विभाग संयुक्त रूप से प्रभावी निरीक्षण अभियान संचालित करें। यदि किसी प्रकार की अनियमितता अथवा नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि मूंग उपार्जन शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल है। सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि उपार्जन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, व्यवस्थित एवं किसान हितैषी रहे।

वरिष्ठ समाजसेवी पंडित दशरथ पांडे का निधन

सीहोर। क्षेत्र के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय पंडित गोविंदराम पांडे मंडलोई के भतीजे, स्वर्गीय पं. बद्रीप्रसाद पांडे के पुत्र,पं. पुरुषोत्तम पांडे, पं. चंद्रनरेश पांडे, पं. बाबूलाल पांडे, पं. कमलकिशोर पांडे के भाई पं. विनय पांडे पं. मनोज पांडे के काकाजी पंडित योगेंद्र शुभम विजय अजय आकाश मोहित के ताऊजी पंडित दशरथ पांडे का निधन हो गया। वह अत्यंत सरल, सहज, मृदुभाषी, मिलनसार और धार्मिक प्रवृत्ति के धनी व्यक्ति थे। वह अपने पीछे संस्कारों से सिंचित, भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। अंतिम यात्रा उनके निज निवास से निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, गणमान्य नागरिक और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। हसनाबाद स्थित विश्राम घाट पर परिजनों द्वारा उन्हें मुखाग्नि दी गई।

एसडीएम का प्रस्ताव ठुकराया, बाद में केंद्र किया शिफ्ट

वेयरहाउस फुल, स्लॉट खत्म: मूंग खरीदी व्यवस्था चरमराई, तीन घंटे तक सीहोर रोड पर रहा जाम

200 से अधिक किसानों ने भादाकुई मुख्य मार्ग पर खड़ी कर दी ट्रॉलियां, ओम साईं वेयरहाउस खोलने की मांग पर अड़े, आखिरकार प्रशासन ने केंद्र किया शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





जिले में मूंग उपार्जन व्यवस्था की खामियां सोमवार को सड़क पर नजर आईं। समय पर स्लॉट बुक कराने के बावजूद तुलाई नहीं होने और वेयरहाउस फुल होने से नाराज किसानों ने भादाकुई मुख्य रोड पर चक्का जाम कर दिया। करीब तीन घंटे तक सीहोर रोड पर यातायात बाधित रहा। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार भादाकुई मुख्य रोड स्थित शिवांश वेयरहाउस पूरी तरह भर चुका है। शनिवार और रविवार को अवकाश के कारण खरीदी बंद रही, जबकि सोमवार को भी वेयरहाउस में जगह नहीं होने से खरीदी शुरू नहीं हो सकी। इससे 200 से अधिक किसान अपनी मूंग से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लेकर मुख्य मार्ग पर ही खड़े रहे। खरीदी शुरू नहीं होने से किसानों का आक्रोश बढ़ गया और उन्होंने चक्का जाम कर दिया।

ओम साईं वेयरहाउस खोलने की मांग पर अड़े रहे किसान : प्रदर्शन कर रहे किसानों का कहना था कि शिवांश वेयरहाउस के समीप स्थित ओम साईं वेयरहाउस में तत्काल खरीदी शुरू कराई जाए। किसानों का तर्क था कि इससे खरीदी का दबाव कम होगा और उनकी उपज समय पर तौली जा सकेगी। हालांकि प्रशासन कुछ माह पहले अनियमितताओं के आरोप में इस वेयरहाउस को ब्लैकलिस्ट कर चुका है। इसके बावजूद किसान वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में इसी वेयरहाउस को चालू करने की मांग पर अड़े रहे।

एसडीएम का प्रस्ताव ठुकराया, बाद में केंद्र किया शिफ्ट: चक्का जाम की सूचना मिलते ही एसडीएम सुधीर कुशवाह मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा कर जाम समाप्त करने की अपील की। उन्होंने पहले किसानों को प्रस्ताव दिया कि मौके पर ही टोकन वितरित कर दिए जाएंगे और किसान अपनी उपज वासुदेव स्थित वेयरहाउस में जाकर तुलवा सकते हैं। लेकिन किसान इस प्रस्ताव से सहमत नहीं हुए और ओम साईं वेयरहाउस शुरू करने की मांग पर डटे रहे। करीब तीन घंटे तक चले गतिरोध के बाद एसडीएम ने कृषि विभाग के अधिकारियों से चर्चा की। इसके बाद भादाकुई सेवा सहकारी समिति का खरीदी केंद्र बीजला स्थित पवन पुत्र वेयरहाउस में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया, जो घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर स्थित है। प्रशासन के इस निर्णय के बाद किसानों ने चक्का जाम समाप्त किया और स्थिति सामान्य हो सकी।

स्लॉट खत्म होने से अलग संकट बरकरार: मूंग खरीदी में केवल वेयरहाउस की समस्या ही नहीं है। जिन किसानों ने समय पर स्लॉट बुक कराया था, उनमें से कई किसान लंबी कतारों और धीमी खरीदी के कारण अपनी बारी का इंतजार करते-करते स्लॉट की अंतिम तारीख भी पार कर चुके हैं। कृषि विभाग के निर्देश पर ऐसे किसानों की सूची सेवा सहकारी समितियों के सचिवों द्वारा पांच दिन पहले विभाग को भेजी जा चुकी है, लेकिन अब तक पोर्टल पर दोबारा स्लॉट बुकिंग अथवा स्लॉट री-एक्टिवेट करने की व्यवस्था नहीं की गई है। इससे प्रभावित किसानों की तुलाई अब भी अटकी हुई है।

टोकन है, नंबर है... फिर भी नहीं हो रही तुलाई : खरीदी केंद्रों पर किसानों को टोकन तो दे दिए गए हैं, लेकिन जिन किसानों का स्लॉट समाप्त हो चुका है, उनका नंबर आने पर भी बिल जनरेट नहीं हो पा रहा।

केंद्र प्रभारी और समिति सचिवों का कहना है कि पोर्टल अनुमति नहीं देता, इसलिए तुलाई संभव नहीं है। इससे किसान और खरीदी केंद्र दोनों असमंजस की स्थिति में हैं।

एक समस्या सुलझी, दूसरी अब भी बाकी

भले ही भादाकुई खरीदी केंद्र को बीजला स्थित पवन पुत्र वेयरहाउस में शिफ्ट कर तत्काल वेयरहाउस की समस्या का समाधान निकाल लिया गया हो, लेकिन स्लॉट की अवधि समाप्त होने वाले किसानों की समस्या अब भी जस की तस बनी हुई है। किसान अब प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि पोर्टल पर तत्काल व्यवस्था कर ऐसे किसानों की खरीदी भी शुरू कराई जाए, ताकि उन्हें अपनी उपज बेचने के लिए दोबारा आंदोलन का सहारा न लेना पड़े। इस दौरान तहसीलदार सौरभ शर्मा, नायब तहसीलदार,रामदास गोरले, थाना प्रभारी घनश्याम दांगी सहित पुलिस प्रशासन मौजूद थे।

13 अगस्त को निकालेंगे राष्ट्रीय वीर दुर्गादास राठौर का भव्य चल समारोह

सीहोर। राष्ट्रीय वीर दुर्गादास राठौर जी की 388वीं जयंती के अवसर पर राठौर क्षत्रिय समाज सीहोर द्वारा भव्य एवं ऐतिहासिक चल समारोह का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों एवं कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए राठौर धर्मशाला में समाज की विशाल बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति एवं युवाओं ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बैठक में आगामी 13 अगस्त को वीर दुर्गादास राठौर जयंती के अवसर पर निकाले जाने वाले भव्य चल समारोह को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही जयंती समारोह को सफल, भव्य, अनुशासित एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं एवं जिम्मेदारियों पर विचार-विमर्श किया गया।

जयंती अध्यक्ष छोटे प्रिंस राठौर ने बताया कि वीर दुर्गादास राठौर जी की जयंती के अवसर पर समाज की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने तथा युवाओं एवं बच्चों में खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें कुश्ती प्रतियोगिता, कबड्डी, क्रिकेट, रंगोली, मेहंदी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सहित अन्य आयोजन शामिल हैं। इन सभी कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए बैठक में अलग-अलग प्रभारियों की नियुक्ति भी की गई।

भव्य एवं अनुशासित आयोजन बनाने का लिया संकल्प : बैठक को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि वीर दुर्गादास राठौर जी का जीवन साहस, त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी राजेश राठौर, समाज अध्यक्ष रामचंद्र राठौर, राष्ट्रीय युवा संगठन अध्यक्ष जितेंद्र राठौर, महामंत्री पूरन राठौर, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर बाबा, देवेंद्र राठौर, मंत्री राजकुमार राठौर, पार्षद कमलेश राठौर, अर्जुन राठौर, विवेक राठौर, पूर्व पार्षद पवन राठौर, सुरेंद्र राठौर, पूर्व सरपंच दीपेश राठौर, हरीश राठौर, हिरदेश राठौर, युवा अध्यक्ष भानु राठौर, महामंत्री दीपांशु राठौर, मोंटी राठौर, तरुण राठौर, गोलू राठौर सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन एवं युवा उपस्थित रहे। महिला मंडल अध्यक्ष सविता राठौर, नगर नूतन राठौर, एल्डरमैन हर्षा राठौर सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने भी बैठक में सहभागिता की। बैठक के दौरान समाजजनों में आगामी जयंती समारोह को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।



5 सूत्रीय मांगों पर अड़े पटवारी, अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए, तहसीलों में थमे राजस्व कार्य, नागरिक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



प्रदेश सरकार द्वारा लंबित 5 सूत्रीय मांगों पर कोई निर्णय नहीं लेने से नाराज मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। तहसील भैरूंदा के सभी पटवारियों ने कामकाज का बहिष्कार करते हुए तहसील कार्यालय में हड़ताल पर बैठने की सूचना तहसीलदार को सौंप दी। हड़ताल शुरू होने से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व अभिलेखों के संधारण सहित किसानों और आम नागरिकों से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित होने लगे हैं। मध्यप्रदेश पटवारी संघ तहसील भैरूंदा द्वारा तहसीलदार को दिए गए पत्र में बताया गया कि संघ ने 20 जुलाई को शासन के नाम ज्ञापन देकर अपनी 05 सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग की थी। इसके बावजूद शासन स्तर पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इसके बाद प्रदेश संगठन के आह्वान पर चरणबद्ध आंदोलन चलाया गया और अब अंतिम चरण के तहत 3 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी गई है। संघ ने स्पष्ट किया है कि तहसील भैरूंदा के सभी पटवारी सामूहिक रूप से अपने नियमित कार्यों का बहिष्कार कर हड़ताल में शामिल हो गए हैं। जब तक शासन उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

किसानों और आम लोगों पर पड़ेगा असर

पटवारियों की हड़ताल का सबसे अधिक असर किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों पर पड़ने की संभावना है। फसल गिरदावरी, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, ऋण पुस्तिका संबंधी कार्य, राजस्व रिकॉर्ड में संशोधन और विभिन्न प्रमाण-पत्रों के लिए आवश्यक प्रतिवेदन जैसे काम प्रभावित होंगे। इससे तहसील कार्यालयों में लंबित मामलों की संख्या बढ़ सकती है।

पहले भी दिया था ज्ञापन, नहीं हुई सुनवाई: पटवारी संघ का कहना है कि उन्होंने पहले भी कई बार शासन का ध्यान अपनी मांगों की ओर आकर्षित किया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। इसी कारण प्रदेशव्यापी आंदोलन को तेज करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लेना पड़ा। तहसील अध्यक्ष रामनिवास पंवार के नेतृत्व में सौंपे गए पत्र में जिला मंत्री संजय राठौर सहित तहसील के अनेक पटवारियों के हस्ताक्षर हैं। अब निगाहें शासन के अगले कदम पर टिकी हैं कि वह राजस्व व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए पटवारियों की मांगों पर कब निर्णय लेता है।

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल का सावन मेला 6 अगस्त को

सीहोर। सावन माह के पावन अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल के तत्वावधान में भव्य सावन मेले का आयोजन आगामी 6 अगस्त को किया जाएगा। शहर के सोनी मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले इस मेले को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मेले में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों, खान-पान एवं अन्य उपयोगी सामग्री के 40 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। सभी स्टॉलों की बुकिंग पहले ही पूरी हो चुकी है।

मंडल की अध्यक्ष मंजू शैलेष अग्रवाल ने बताया कि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल द्वारा वर्ष 2010 से निरंतर सावन मेले का आयोजन किया जा रहा है। हर वर्ष मेले को शहरवासियों का अच्छा प्रतिसाद मिलता है। इस बार स्टॉल लगाने वालों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है, जिसके चलते सावन मेला और भी भव्य एवं आकर्षक होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष इंदौर, जावर, पिपरिया, भोपाल और बैरागढ़ सहित अन्य स्थानों से भी स्टॉल संचालकों ने मेले में स्टॉल लगाने के लिए बुकिंग कराई है। स्टॉलों की निर्धारित संख्या पूरी होने के बाद बुकिंग बंद कर दी गई है और अब आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंडल अध्यक्ष मंजू शैलेष अग्रवाल ने बताया कि सचिव विनीता सोनी एवं कोषाध्यक्ष पुष्पा सोनी सहित मारवाड़ी महिला मंडल की पूरी टीम के सहयोग से वर्षों से सावन मेले का सफल आयोजन किया जा रहा है। मंडल सामाजिक एवं धार्मिक सेवा गतिविधियों के साथ हर वर्ष सावन मेले का आयोजन करता है। उन्होंने कहा कि मेले का उद्देश्य केवल खरीदारी या मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि शहरवासियों और बाहर से आने वाले स्टॉल संचालकों को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां सभी मिलकर सावन पर्व की खुशियां साझा कर सकें। मंडल अध्यक्ष श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि समिति का प्रयास है कि बाहर से आने वाले सभी स्टॉल संचालक और सीहोरवासी सावन मेले से प्रसन्न होकर लौटें। उन्होंने कहा कि मेले को लेकर मंडल की पूरी टीम उत्साहित है और सभी सदस्य आयोजन को व्यवस्थित एवं यादगार बनाने के लिए जुटे हुए हैं। सावन मेले में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों, खान-पान की सामग्री और अन्य आकर्षक स्टॉल लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। सावन माह के दौरान आयोजित होने वाले इस मेले को लेकर शहर की महिलाओं और परिवारों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

बलराम कृषि महोत्सव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअली होंगे शामिल



सीहोर। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत खेती एवं शासन की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 07 अगस्त को सीहोर स्थित कृषि उपज मंडी में बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में जिले भर से किसानों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की भी गरिमामयी उपस्थिति रहेगी, जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअल माध्यम से किसानों को संबोधित करेंगे। बलराम कृषि महोत्सव के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम में कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा कृषि आधारित प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों पर किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत बीज, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, फसल विविधीकरण, सिंचाई तकनीकों, उद्यानिकी, पशुपालन तथा शासन की विभिन्न किसान कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही किसानों को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया जाएगा। महोत्सव का प्रमुख आकर्षण कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों का मार्गदर्शन रहेगा। कृषि विशेषज्ञ वैज्ञानिक खेती, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, जल संरक्षण, फसल सुरक्षा, उन्नत उत्पादन तकनीकों तथा बदलती जलवायु के अनुरूप कृषि प्रबंधन पर किसानों को व्यावहारिक जानकारी देंगे। किसान विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर अपनी कृषि संबंधी समस्याओं का समाधान भी प्राप्त कर सकेंगे।

कार्यक्रम में किसानों को नवीन कृषि तकनीकों को अपनाने, उत्पादन लागत कम करने तथा आय बढ़ाने के उपायों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं, अनुदान, कृषि यंत्रीकरण एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में भी विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

जिला प्रशासन ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बलराम कृषि महोत्सव में शामिल होकर कृषि विशेषज्ञों के मार्गदर्शन एवं शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। यह महोत्सव किसानों को आधुनिक एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों से जोड़ने तथा कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण अवसर होगा।

प्रत्येक जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए : ठाकुर

पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, कृषि उपज मंडी समिति में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर के उद्देश्य से कृषि उपज मंडी समिति इछावर के कार्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडी समिति के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मंडी सहायक उप निरीक्षक राम सिंह नगर, सहायक ग्रेड-3 विष्णु प्रसाद सेन, प्रकाश हरने, देवनारायण चौहान, राजेश वर्मा, विजेंद्र वर्मा, तरुण मालवी, संजय वर्मा, रोहित मालवीय, गुरु प्रेरणा एकेडमी के संचालक महेंद्र सिंह ठाकुर एवं सुरेश मालवीय सहित अन्य उपस्थितजनों ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर गुरु प्रेरणा एकेडमी के संचालक महेंद्र सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि, वृक्ष केवल पर्यावरण को शुद्ध नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के जीवन का आधार भी हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए।सुरेश मालवीय ने अपने संबोधन में कहा कि, पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। यदि हम सभी नियमित रूप से पौधरोपण करें और लगाए गए पौधों की देखभाल करें, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं हरित वातावरण प्रदान कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अतिथियों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया।

एक्स सर्विस मेन लीग ने मनाई सिल्वर जयंती और मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



एक्स सर्विस मेन लीग सीहोर द्वारा आयोजित किया गया। 25 वीं वर्षगांठ सिल्वर जयंती मिलन समारोह शहर के आवासीय खेलकूद विद्यालय में आयोजित किया गया। समारोह के दौरान बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवार ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस संबंध में मीडिया प्रभारी मुकेश इटावदिया ने बताया की मिलन समारोह बच्चों के द्वारा अनेक रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति प्रस्तुत की गई। विशेष अतिथि के रूप में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल राजीव खत्री 21 कोर हैडक्वाटर राजू महादेव के सूबेदार मेजर साहू उपस्थित रहे। वहीं डॉ गगन नामदेव अश्विन शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, जुगल पटेल उपस्थित रहे मुख्य अतिथियों द्वारा वीर नारियों का सम्मान किया गया जिले के सभी पूर्व सैनिकों को अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया कर्नल राजीव खत्री द्वारा महिलाओं रक्षा एवं उनके उत्थान पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन विभाग अनिल वर्मा के द्वारा किया गया और विशिष्ट अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया समारोह में विशेष भागीदारी सूबेदार मेजर दिनेश परमार कैसे विश्वकर्मा, आर्यन राठौड़, हवलदार राजेश वर्मा दिनेश वर्मा, आर्य के अलावा सभी पूर्व सैनिक उपस्थित रहे समारोह राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुई।

एक पौधा मां के नाम के तहत किया पौधरोपण



जीरापुर। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे एक पौधा माँ के नाम अभियान के अंतर्गत एलएंडटी कम्पनी के कार्यालय जैतपुरा कला स्थित आठवां मील परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एलएंडटी कम्पनी के प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण हर्ष द्वारा छायादार पौधे लगाकर श्रीगणेश किया। इस दौरान बरगद सहित विभिन्न प्रजातियों के छायादार पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस मौकेपर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संदेश दिया। इस दौरान कंपनी के कंस्ट्रक्शन मैनेजर सुधीर गुप्ता, कुलदीप कुमार, दिलीप सिंह, फेजान खान, कृतिका सिक्योरिटी सुपरवाइजर पप्पू दागी, गौतम राठौर,मुकेश दागी, प्रेम सिंह सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

दो बाइकों की भिड़ंत में एक गंभीर घायल



खुजनेर। पचोर थाना क्षेत्र के ग्राम चिल्डडावनिया के पास रविवार दोपहर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में सोनखेड़ा निवासी एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल राजगढ़ रेफर किया गया। जानकारी के मुताबिक मांगीलाल प्रजापति (65) वर्ष निवासी ग्राम सोनखेड़ा, थाना छापीहेड़ा, रविवार दोपहर करीब आमला रोड से तेरहवीं कार्यक्रम से लौटकर सोनखेड़ा जा रहे थे इसी दौरान ग्राम चिल्डडावनिया के पास सामने से आ रही मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गई। सूचना मिलते ही खुजनेर थाना प्रभारी रवि ठाकुर एवं पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल शासकीय अस्पताल खुजनेर पहुंचाया हादसे में मांगीलाल प्रजापति के सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल राजगढ़ रेफर कर दिया गया पचोर पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

विहिप का जिला अभ्यास वर्ग संपन्न



सारंगपुर। नगर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सारंगपुर में विश्व हिंदू परिषद का दो दिवसीय जिला स्तरीय अभ्यास वर्ग शनिवार दोपहर से प्रारंभ होकर रविवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। अभ्यास वर्ग में पूरे जिले से जिला एवं प्रखंड स्तर के लगभग 80 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और संगठनात्मक प्रशिक्षण प्राप्त किया। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, आचार-पद्धति, कार्य विस्तार, आगामी कार्यक्रमों एवं भावी कार्ययोजना सहित विभिन्न विषयों पर कुल आठ सत्रों के माध्यम से विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान संगठन को अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने पर विशेष जोर दिया गया। अभ्यास वर्ग में प्रांत कोषाध्यक्ष विजय जैन, सत्संग प्रमुख सुरेश शर्मा, प्रांत गौरक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल, प्रचार प्रमुख कपिल शर्मा, विभाग मंत्री अशोक गुप्ता तथा सहमंत्री मोहन भाटी सहित अन्य प्रांतीय पदाधिकारियों ने विभिन्न विषयों पर उद्बोधन देकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में सारंगपुर प्रखंड के भी अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दो दिनों तक शिशु मंदिर परिसर में आयोजित इस अभ्यास वर्ग का समापन रविवार को सहभोज के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने एवं आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का संकल्प लिया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत



सारंगपुर। सारंगपुर-संडावता मार्ग पर शनिवार रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 25 वर्षीय बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा सारंगपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बिग्नोदीपुरा के समीप में हुआ, जहां किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार दुधाखेड़ी निवासी रामेश्वर दांगी (25) पिता राधेश्याम दांगी शनिवार रात करीब 10 बजे बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। बिग्नोदीपुरा के पास सारंगपुर-संडावता रोड पर पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रामेश्वर गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल युवक को तत्काल सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंचे। युवक की मौत की खबर से परिवार में मातम छा गया, वहीं दुधाखेड़ी गांव में शोक की लहर फैल गई। रविवार सुबह पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

जिले में शिक्षा के बिगड़ते हालात से बंद होने के कगार पर कई सरकारी स्कूल

सारंगपुर विकासखंड के रामपुराखेड़ा स्कूल में एक भी छात्र नहीं, तो कहीं 2 छात्र पर 5 शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



सारंगपुर विकासखंड के कई शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार विकासखंड में लगभग एक दर्जन ऐसे विद्यालय संचालित हैं, जहां छात्रों की संख्या बेहद कम है, जबकि शिक्षकों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक बनी हुई है। इससे सरकारी संसाधनों के उपयोग और शिक्षा व्यवस्था की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। वहीं विकासखण्ड के ग्राम रामपुराखेड़ा का सबसे चैकाने वाला मामला सामने आया है, जहा पर एक भी प्रवेषित छात्र नहीं होने की स्थिति में वहा पर पदस्थ षिक्षक किसको पढ़ा रहे है। जिले में सरकारी स्कूलों की बिगड़ती षिक्षा व्यवस्था धीरे-धीरे लोगों के लिए परेषानी बनती जा रही है।

इन विद्यालय के भी यह हैं हालात

जानकारी के मुताबिक ग्राम आसारेटा रावत के शासकीय विद्यालय में 2 शिक्षक पदस्थ हैं, जबकि छात्र संख्या मात्र 1 है। इसी प्रकार ग्राम ग्वाडा में 5 शिक्षक होने के बावजूद केवल 2 छात्र अध्ययनरत हैं। ग्राम हीरापुरा में 2 शिक्षकों के बीच केवल 1 छात्र है। वहीं ग्राम रामपुराखेड़ा का मामला सबसे चैंकाने वाला बताया जा रहा है, जहां 1 शिक्षक पदस्थ है, लेकिन छात्र संख्या शून्य है। बताया जा रहा है कि ऐसे विद्यालयों की संख्या विकासखंड में लगभग एक दर्जन है। यदि एक शिक्षक का औसत मासिक वेतन लगभग एक लाख रुपये माना जाए, तो ऐसे विद्यालयों में हर माह लाखों रुपये का वेतन खर्च हो रहा है, जबकि छात्रों की संख्या नगण्य या शून्य है। इन विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना भी संचालित होना दर्शाया जाता है। ऐसे में यह सवाल भी उठ रहा है कि जहां छात्र ही मौजूद नहीं हैं, वहां मध्यान्ह भोजन योजना का संचालन किस प्रकार किया जा रहा है और उसका लाभ किसे मिल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिक्षा विभाग को ऐसे विद्यालयों की समीक्षा कर वास्तविक स्थिति के आधार पर शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण (रैशनलाइजेशन) करना चाहिए, ताकि जहां छात्रों की संख्या अधिक है वहां पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध हो सकें। क्षेत्र के लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

इनका कहना है

ब्लॉक के ऐसे स्कूल जहां शिक्षक ज्यादा छात्र कम उन स्कूलों की सूची बनाकर वरिष्ठ अधिकारी को अवगत करा दिया गया है। आगे से जो भी आदेश मिलेगा उसका पालन करवाया जाएगा।

सुरेश वीरमाल
ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सारंगपुर।



दशपुर लाफ्टर क्लब मंदसौर ने मनाया मित्र उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

दशपुर लाफ्टर क्लब मंदसौर द्वारा मित्रता दिवस पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य समाजसेवी नरेंद्र मेहता के मुख्य आतिथ्य में बड़े धूमधाम से मित्रता दिवस पर मित्र उत्सव मनाया गया ।क्लब के अध्यक्ष जयराम खेराजानी ,सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेंद्र जैन,क्लब एडमिन एन सी जैन ,वरिष्ठ मार्गदर्शक मदन हासानी ने नरेन्द्र मेहता को क्लब के लिए सदैव समर्पित सदस्य बताते हुए कहा -मेहता साहब क्लब के लिए।सदैव तन मन से समर्पित रहते हैं आज आपने मित्रता दिवस पर मित्र उत्सव का आयोजन कर हम सभी को भावविभोर कर दिया है।

क्लब के सभी सदस्यों द्वारा नरेंद्र मेहता का पुष्पहारों से स्वागत अभिनन्दन किया गया।क्लब की और से लालबहादुर श्रीवास्तव ने सुंदर छवि वाली उनकी तस्वीर भेंट कर स्वागत कविता भाषण दिया। मित्रता दिवस को लेकर सभी सदस्यों ने अपनी अपनी रचनाएं सुनाकर समा बांध दिया। नरेंद्र मेहता ने मित्रता दिवस को लेकर कहा -दशपुर लाफ्टर क्लब मंदसौर का पहला लाफ्टर क्लब है जिसके सभी सदस्य छोटे से बड़े तक सभी मित्रवत है एक्य भाव होने से क्लब सामाजिक सरोकारों में अग्रणी रहता है। क्लब अपने उद्देश्यों को पूर्ण करने के साथ सभी के प्रति आदर भाव रखता है।मित्रता दिवस पर सभी को मेरी शुभकामनाएं ,इसी तरह क्लब के सभी साथी एक माला में गूंथे रहें दुख सुख में एक दूसरे के काम आते रहे।मित्र भाव बनाए रखें। लालबहादुर श्रीवास्तव ने माऊथआरगन पर सुंदर कर्णप्रिय धुन बजाकर सदस्यों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। गीत संगीत से सजी मित्र उत्सव की बेला में क्लब के सदस्य अनिल छाबड़ा, अरूण जैन, शिखर चपरोत, प्रकाश कल्याणी, अशोक सोनी,विनोद रिजवानी, मुरली पांगानी, लालचंद गिडवानी,गोतम हडपावत,देवेंद्र चपरोत, जगदीश रायचंदानी,जी डी मित्तल ,कन्हैया रायसिंघानी, दिनेश जैन ,लोकेंद्र घड़ीवाला सभी सदस्यों ने सहभागिता निभाई।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का किया स्वागत, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़





भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नव-नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के आगर-मालवा दौरे के दौरान कानड़ नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने विभिन्न स्थानों पर उनका भव्य एवं गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम आगमन को लेकर नगर में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। प्रमुख चौराहों एवं स्वागत स्थलों पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, साफा पहनाकर तथा जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया। नगर में जगह-जगह स्वागत द्वार, बैनर एवं पोस्टर लगाए गए थे।भाजपा युवा मोर्चा सहित विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में मनीष शर्मा, चैनसिंह सिसोदिया, डॉ. देवनारायण गौड़, ईश्वर सिंह बगड़ावत, दिनेश अंकल, विजयलक्ष्मी माली,हेमंक जायसवाल, प्रेम सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जूना गुजराती दर्जी समाज की ओर से भी स्वागत समारोह आयोजित किया गया। समाज के अध्यक्ष कन्हैयालाल परमार के नेतृत्व में समाजजनों ने श्याम टेलर का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उनका सम्मान किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान मुख्य मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ने से एक एंबुलेंस जाम में फंस गई। स्थिति को देखते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल रास्ता खाली कराया, जिससे एंबुलेंस को बिना किसी बाधा के आगे रवाना किया जा सका। कार्यकर्ताओं की इस संवेदनशील पहल की उपस्थित नागरिकों ने सराहना की।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय एवं विधायक मधु गेहलोत भी मौजूद रहे। उनके साथ बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं नगरवासी कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष का काफिला जैसे-जैसे नगर के मुख्य मार्गों से गुजरा, कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। पूरे मार्ग पर भाजपा समर्थकों का उत्साह देखने योग्य रहा। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प भी दोहराया। स्थानीय नेताओं ने उनके आगमन को संगठन के लिए महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में पार्टी को नई मजबूती मिलेगी।

सैनिक सम्मान में दो सेवानिवृत्त वीर सैनिकों का हुआ नागरिक अभिनंदन

दशपुर नगर की गौरवशाली परंपरा को मिला नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



देशभक्ति, राष्ट्रसेवा एवं वीर सैनिकों के सम्मान की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सैनिक सम्मान अभियान के अंतर्गत 794 वें एवं 795 वें सैनिक सम्मान के रूप में भारतीय सेना से 22 वर्षों की गौरवपूर्ण राष्ट्रसेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए नायक श्याम गुर्जर (ग्राम गुर्जरबड़िया, जिला मंदसौर) एवं नायक राजकुमार पाटीदार (ग्राम केलुखेड़ा, जिला नीमच) का नागरिक अभिनंदन एवं भव्य स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में नागरिकों, पूर्व सैनिकों, सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा संगठनों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, मातृशक्ति एवं युवाओं की उपस्थिति ने सैनिक सम्मान समारोह को ऐतिहासिक बना दिया सैनिक सम्मान यात्रा भारत माता चौराहा स्थित भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुई। इसके पश्चात यात्रा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी, अमर शहीद उधम सिंह जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रनायकों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के जयघोष के साथ दोनों वीर सैनिकों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। सैनिक सम्मान अभियान के संयोजक विनय दुबेला ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि आज दशपुर नगर सैनिकों के सम्मान की अपनी गौरवशाली परंपरा के कारण पूरे प्रदेश में नई पहचान स्थापित कर रहा है।

सैनिक सम्मान अभियान केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का जनआंदोलन बन चुका है, जिसने समाज के प्रत्येक वर्ग को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य किया है। उन्होंने नगरवासियों द्वारा अभियान को मिले अभूतपूर्व जनसमर्थन के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस समाज में सैनिकों का सम्मान होता है, वहाँ राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सेवा का भाव सदैव जीवित रहता है। उन्होंने युवाओं से सैनिक सम्मान अभियान से जुड़ने तथा भारतीय सेना एवं अन्य सुरक्षा बलों में भर्ती होकर राष्ट्रसेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दोनों वीर सैनिकों की 22 वर्षों की गौरवपूर्ण राष्ट्रसेवा पर संपूर्ण मंदसौर अंचल को गर्व है तथा समाज सदैव उनके त्याग, समर्पण और राष्ट्रसेवा का ऋणी रहेगा भाजपा नेता अनिल कियावत ने कहा कि सैनिकों का सम्मान करना राष्ट्र के स्वाभिमान का सम्मान है।

कलेक्टर का आदेश बेअसर, सड़कों पर घूम रहा गोवंश

राहगीर हो रहे परेशान, दुर्घटना का बढ़ा खतरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

कुछ दिनों पूर्व हुए ब्यावरा सड़क हादसे में 15 से अधिक गोवंश की मौत के बाद प्रशासन ने सड़कों पर स्वच्छंद रूप से घूम रहे गोवंश को लेकर सख्त रुख अपनाया था। घटना के बाद गोभक्तों में भी भारी नाराजगी देखने को मिली थी तथा कांग्रेस ने गोवंश की सुरक्षा सहित विभिन्न मांगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा था। इसके बाद कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जिले के पांच पशु चिकित्सकों को नोटिस जारी करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए थे कि यदि सड़कों पर गौवंश दिखाई देता है तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके बावजूद माचलपुर नगर में हालात नहीं बदले हैं। नगर की मुख्य सड़कों और व्यस्त मार्गों पर अब भी बड़ी संख्या में गोवंश खुलेआम बैठा और घूमता नजर आ रहा है। इससे हर समय सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। दिनभर भारी वाहनों, बसों और दोपहिया वाहनों की आवाजाही के बीच सड़क पर बैठे मवेशी वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार प्रशासन और नगर परिषद को इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिनअभी तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों का आरोप है कि गोशालाओं में पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने तथा जिम्मेदार एजेंसियों की लापरवाही के कारण गोवंश सड़कों पर भटक रहा है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि कलेक्टर के निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जाए, आवारा गोवंश को तत्काल गोशालाओं में पहुंचाया जाए ।

अभा साहित्य परिषद की काव्य गोष्ठी सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



अखिल भारतीय साहित्य परिषद मन्दसौर इकाई द्वारा रिमझिम काव्य गोष्ठी शा. महाविद्यालय मंदसौर के पूर्व प्राचार्य रविन्द्र सोहोनी के मुख्य आतिथ्य एवं महाविद्यालय मंदसौर के पूर्व प्राचार्य बी. आर. नलवाया एवं पत्रकार ब्रजेश जोशी के विशेष आतिथ्य व डॉ. दिनेश तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। प्रारंभ में अतिथियों ने सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत नरेन्द्र भावसार, नरेन्द्र त्रिवेदी, नंदकिशोर राठौर नादान ने किया। परिषद गीत भारती की लोकमंगल साधना साकार हो नंदकिशोर नादान ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर श्री सोहोनी ने कहा कि, गुरु अपने शिष्य को विषम परिस्थितियों (अवसाद, शोक, दुविधा) से निकालने का मार्ग प्रशस्त करे वह सही मायने में गुरु होता है जैसे कृष्ण ने अर्जुन को कुरुक्षेत्र में विषम परिस्थिति में गीता का ज्ञान दिया। गुरु परंपरा का आरम्भ अनादिदेव शिव के समय से ही आरम्भ हो चुका था। शिव ने सप्त ऋषियों को ज्ञान का मार्ग बताया जो आगे चल कर धर्मगुरु, राजगुरु, कुलगुरु एवं सद्गुरु के रूप में विश्व में व्याप्त हुई। श्री जोशी ने कहा कि, मैंने अपने स्व. गोलोकवासी पिता जी को ही अपना गुरु माना और उनकी आज्ञा के अनुसार तत्कालीन शासकीय सेवा के अवसर का लाभ नहीं लिया जिसका मुझे आज भी मलाल नहीं है। श्री नलवाया ने कहा कि, गुरु वही है जो शिष्य को शून्य से शिखर तक ले जाता है। इस अवसर पर आमंत्रित कवियों ने काव्य पाठ किया। जिसमें संगीतकार नंदकिशोर राठौर ने वर्षाकाल के आगमन का स्वागत करते हुए गीत मेघ की रवानी पानी टप टप बरसा, देखो आई रे बरखा सुनाया। ललित बटवाल ने शास्त्रीय संगीत पर मेघ मल्हारराग आधारित गीत श्याम घन बन आए बादल, नन्ही नन्ही बूंदें लाए बादल सुनाया। मनीषा शामगढ़वाला ने दोहे पायल चुपके से कहे, धीरे चल रे पाँव, जग न जाए फिर कही अबकी सारा गाँव, ब्रजेश जोशी ने मेरे शहर के गड्ढे कविता सुनाई। अभय मेहता ने ह्यगुरुदेव तुम्हारे चरणों में वंदन बारम्बार, ललिता मेहता ने गुरुवर तू मेरे दिल का श्रृंगार है, खुद को तू पहचान लेह अजय डांगी ने एआई पर कविता खुद की अकल तो ताक पर, सवाल पूछो बात बात पर, नरेन्द्र राणावत ने गीत घिर घिर घन आए, आई ना कोई खबरिया सुनाई। इस अवसर पर चंचला त्रिपाठी, कन्हैया देशमुख, दिलीप जोशी, सुधा कुर्मी, प्रकाश कल्याणी, अजीज उल्लाह खान, राहुल राठी, युवराज सिंह, कलीम शाह काव्य प्रेमी उपस्थित थे।

गिरीराज भक्त मंडल ने पहली बार निकाली विशाल कांवड़ यात्रा

छापीबांध से जल लेकर 25 किमी पैदल पहुंचे शिवभक्त, जगह-जगह किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



श्रावण मास के पावन अवसर पर गिरीराज भक्त मंडल के तत्वावधान में रविवार को पहली बार विशाल कांवड़ यात्रा निकाली। यात्रा में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए। पूरे मार्ग में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्रातः 9 बजे छापीबांध पर मंडल के सदस्यों ने विधि-विधान से कावड़ पूजन कर पवित्र जल भरा। इसके बाद कावड़ यात्रा छापी बांध से प्रारंभ होकर नगर के खिलचीपुर नाका, स्वामी विवेकानंद चैराहा, बस स्टैंड, बुधवारिया बाजार, अटल चौक, इंदर चैराहा, माचलपुर रोड ब्रिज, कोडक्या एवं माचलपुर होते हुए गोघटपुर मठ के लिए रवाना हुई। कांवड़ यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों ने कावड़ यात्रियों का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने शिवभक्तों को पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी उपलब्ध कराईं।कावड़ यात्रियों ने छापी बांध से पवित्र जल लेकर लगभग 25 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी कर गोघटपुर मठ पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की प्रार्थना की।

खबर संक्षेप

पार्षद ने केंद्रीय मंत्री को भेंट किया पौधा



जावर। नगर परिषद जावर के वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से सौजन्य भेंट कर उन्हें पौधा भेंट किया। इस अवसर पर पार्षद वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जन्मदिवस जैसे विशेष अवसरों पर पौधा भेंट करना प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का संदेश देता है। उन्होंने सभी नागरिकों से भी अपने जन्मदिवस एवं अन्य शुभ अवसरों पर पौधे लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री चौहान ने पार्षद वीरेंद्र सिंह ठाकुर को दुपट्टा पहन कर शुभकामनाएं दी। पार्षद ठाकुर ने केंद्रीय मंत्रीचौहान का मार्गदर्शन एवं स्नेह प्राप्त होने पर आभार व्यक्त किया तथा उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल सार्वजनिक जीवन की कामना की।

परीक्षा आवेदन का अंतिम अवसर

जावर। शासकीय महाविद्यालय जावर नगर के बी.ए. तृतीय वर्ष (पुराना पाठ्यक्रम) सत्र 2017-18, 2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 तक के पात्र विद्यार्थियों को पूर्व/पूरक परीक्षा के परीक्षा आवेदन पत्र भरने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। इच्छुक विद्यार्थी 21 अगस्त 2026 तक सामान्य शुल्क के साथ अपना परीक्षा आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। महाविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह पात्र विद्यार्थियों के लिए अंतिम अवसर है। इसके बाद विश्वविद्यालय द्वारा इस श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। अतः सभी पात्र विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपना आवेदन अनिवार्य रूप से जमा करें।

संस्कृति ज्ञान परीक्षा में किया प्रथम स्थान प्राप्त

आष्टा। मॉडर्न पब्लिक स्कूल के कक्षा 6वीं के छात्र सक्षम पाठक सुपुत्र रवि पाठक ने 'भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में स्थानीय गायत्री मंदिर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सक्षम पाठक को उनकी इस सफलता के लिए आयोजन समिति एवं गायत्री परिवार व अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिह्न (शील्ड) प्रदान कर सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में अत्यंत हर्ष और उत्साह का माहौल है। प्राचार्य शैलेंद्र सिंह ठाकुर ने सक्षम को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जैसे आयोजन बच्चों में न केवल ज्ञानवर्धन करते हैं, बल्कि उनमें नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक संस्कारों का भी बीजारोपण करते हैं। सक्षम की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

सावन के पहले सोमवार पर शिव मंदिरों में उमड़ी भीड़, कांवड़ियों और श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

'हर हर महादेव' के जयघोष के साथ शंकर मंदिर में 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ के किए दर्शन





सावन माह के शुरू होते ही शिवालयों में शिव भक्तों का तांता लग रहा है, जगह जगह भगवान का अभिषेक किया जा रहा है।





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/ जावर

नगर के प्राचीन शंकर मंदिर में सावन माह के पहले सोमवार को हजारों की संख्या में भक्तों ने किए दर्शन। भगवान शिव की आराधना का पवित्र सावन मास शुरू हो गया है। सावन के पहले सोमवार को आष्टा के शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह 6 बजे से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं, जहां 'हर हर महादेव' के जयघोष गूंजते रहे। अकेले शंकर मंदिर में 10,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए। सावन माह की शुरुआत के साथ ही शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना का दौर तेज हो गया है।

हालांकि पूरे महीने भक्ति का माहौल रहता है, लेकिन सोमवार को यह संख्या और बढ़ जाती है। पार्वती नदी किनारे स्थित प्राचीन शंकर मंदिर में पहले सोमवार को सुबह 6 बजे से ही भक्तों की कतारें लगनी शुरू हो गईं, जो दिनभर जारी रहीं। मंदिर प्रबंधन समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए थे और सुरक्षा के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। शंकर मंदिर के महंत हेमंत गिरी ने बताया कि पार्वती तट पर स्थित यह प्राचीन मंदिर ऐतिहासिक और दुर्लभ है। यह पार्वती नदी किनारे एकमात्र ऐसा शिव मंदिर है, जहां भक्त पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। यह मंदिर भक्तों की गहरी आस्था का केंद्र है, जहां आष्टा क्षेत्र ही नहीं, बल्कि देवास, इंदौर, शाजापुर, राजगढ़ सहित अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। पंडित मनीष पाठक के अनुसार, सावन का महीना भगवान भोलेनाथ की भक्ति के लिए समर्पित है। इस दौरान सत्संग, प्रवचन और धर्म उपदेश सुनने से विशेष फल मिलता है। सावन माह में पूजा-अर्चना का अपना एक विशेष महत्व है। इस वर्ष सावन का पहला सोमवार 3 जुलाई को था, दूसरा सोमवार 10 जुलाई को, तीसरा 17 जुलाई को और चौथा व अंतिम सोमवार 24 अगस्त को रहेगा।

जावर में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने निकाली समरसता कांवड़ यात्रा

जावर। जल जंगल पर्यावरण एवं जात-पात में ना बठकर समरसता के भाव का उद्देश्य लेकर ,विश्व हिंदू परिषद के माध्यम से निकली कांवड़ यात्रा रविवार शाम 4 बजे भगवान विलेश्वर महादेव का जल अभिषेक कर संपन्न हुई। यह कांवड़ यात्रा जहां से भी निकाली मुरावर संगम से लेकर देवांचल धाम देव बडला तक, प्रत्येक गांव में कावड़ यात्रा का स्वागत किया गया, जगह-जगह फलाहार एवं अल्पाहार की व्यवस्था ग्रामीण जनों ने मिलकर की। रात्रि विश्राम जावर में करने के पश्चात, यात्रा देवांचल धाम देव बडला पहुंची। सभी शिव भक्तों ने बड़े भाव के साथ कांवड़ यात्रा में सम्मिलित हो कर बाबा को जल चढ़ाया। इस कांवड़ यात्रा में हिंदू समाज के कई वरिष्ठ जनों का सहयोग भी प्राप्त हुआ। रात्रि विश्राम के दौरान सत्संग किया गया, जिसमें विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह चौहान, प्रांत सेवा प्रमुख गोपाल दास राठी, जिला अध्यक्ष रेवा शंकर जाट, जिला धर्म प्रसार प्रमुख जगदीश कुशवाहा, जिला संयोजक प्रभात मेवाड़ा ,जिला सह मंत्री मंगलेश भाई की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

तपोभूमि देवबड़ला में श्रद्धालुओं ने बाबा विल्वैश्वर महादेव को जल अर्पण किया

जावर। मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातात्विक धरोहर देवांचल धाम देवबड़ला बिलपान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवबड़ला पोहचे मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगत जी ने बताया आज प्रथम सावन सोमवार के शुभ अवसर पर क्षेत्र व दुर दराज से भक्तजनों बाबा विल्वैश्वर महादेव का जलाभिषेक किया।देवबड़ला स्मारक इंतजार कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने बताया देवाधिदेव महादेव भूत भावन भगवान शंकर की आराधना का पर्व साधना आस्था श्रद्धा विश्वास के पवित्र श्रावण मास मे क्षेत्र की माता बहने व भक्ति जन अपने गांव से कावड़ कलश में जलने पर बाबा महादेव को चढ़ाने पैदल आते हैं बाबा का जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख शांति व समृद्धि के लिए मंगलकामनाएं करते हैं। भाटी का निवेदन आस्था श्रद्धा भक्ति मान मर्यादा संस्कार संस्कृति एवं मर्यादा को ध्यान में रखते हुए समस्त जनमानस से विनम्र निवेदन किया है कि बादा के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालु जब भी मंदिर जाए तो मर्यादित वस्त्र पहनकर ही जाए जिंस टी शर्ट नेकर केपरी व शर्ट्स पहनकर ना जाए अर्ध नग्न अवस्था में जाकर मंदिर की गरिमा को ठेस ना पहुंचे। राजपूताना पोशाक साड़ी व सलवार सूट ही अलाव है सिर भी ढका हुआ होना चाहिए। पुरुषों के लिए हमारी सनातन संस्कृति के अनुसार धोती कुर्ता पगड़ी व कुर्ता पजामा ही पहनकर जाए पूर्णता रूप से देवबड़ला मंदिर पर शर्ट्स पहनकर जाना प्रतिबंधित नियम का उल्लंघन करने पर आपके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है।

अरविंद बने पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए क्षेत्र के कर्मठ और लोकप्रिय नेता अरविंद जटाखेड़ा को पिछड़ा वर्ग कांग्रेस का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पिछड़ा वर्ग समाज में हर्ष का माहौल है। पार्टी आलाकमान द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के बाद अरविंद जटाखेड़ा को बधाई देने वालों का तांता लग गया है।

कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर इस फैसले का स्वागत किया। शीर्ष नेतृत्व का जताया आभारअपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अरविंद जी जटाखेड़ा ने कहा, पार्टी नेतृत्व ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूंगा। हमारा मुख्य उद्देश्य पिछड़ा वर्ग के अधिकारों की लड़ाई को मजबूती से लड़ना और संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाना है। उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और शीर्ष नेतृत्व का सहृदय आभार व्यक्त किया है। संगठन को मिलेगी नई मजबूतीस्थानीय वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का मानना है कि अरविंद जटाखेड़ा के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग कांग्रेस को एक नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। वे लंबे समय से समाज और पार्टी हित में सक्रिय रहे हैं, जिसका लाभ आगामी समय में संगठन को मिलेगा। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

दिल्ली में आयोजित कार्यशाला में शामिल हुए विधायक इंजीनियर

आष्टा। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लेने दिल्ली पहुंचे एवं नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटैट सेंटर में नीति और शासन के माध्यम से जलवायु-लचीली कृषि को मजबूत बनाना विषय पर आयोजित कार्यशाला में सम्मिलित हुए। बताया की जलवायु परिवर्तन की बढ़ती चुनौतियों के बीच कृषि क्षेत्र को अधिक सशक्त, टिकाऊ और जलवायु-लचीला बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है,ओर इसी विषय को लेकर उक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसमे कई प्रदेशों के विधायक,कृषि पंडित,कृषि क्षेत्र में कार्य कर रहे कृषि विशेषज्ञ शामिल हुए और सभी ने उक्त विषय पर अपने अपने विधार साझा किये। विधायक इंजीनियर ने बताया की इस कार्यशाला में नीति निर्माण, सुशासन एवं नवाचार आधारित कृषि मॉडल को लेकर विशेषज्ञों के विचारों और अनुभवों को जानने-समझने का एक बड़ा ही सार गर्भित अवसर मिला है।

पटवारियों ने काम बंद कर पांच सूत्रीय मांगों पर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ब्लॉक के पटवारियों ने सोमवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार रामलाल पगारे को ज्ञापन सौंपा और काम बंद रखने की घोषणा की। इस प्रदर्शन में क्षेत्र के सभी पटवारी शामिल हुए। मध्य प्रदेश पटवारी संघ, आष्टा के नेतृत्व में सभी पटवारी अपने बस्ते लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे और मांगों के समर्थन में नारे लगाए। उनकी प्रमुख मांगों में कैडर रिव्यू लागू करना, पदोन्नति और समयमान वेतनमान देना शामिल है। इसके अतिरिक्त, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा आयोजित करना, पटवारियों को जज प्रोटेक्शन एक्ट में शामिल करना, लंबित वित्तीय भुगतान करना और पदाधिकारियों के नियम विरुद्ध हुए स्थानांतरण रद्द करना भी उनकी मांगों में शामिल हैं। पटवारी संगठन ने मांगों के पूरा न होने तक चरणबद्ध आंदोलन जारी रखने की बात कही है।

मध्य प्रदेश पटवारी संघ के तहसील अध्यक्ष बलराम रजक और कमल किर ने बताया कि वर्षों से लंबित उनकी न्यायोचित मांगों का निराकरण नहीं किया गया है। इससे पटवारी संवर्ग खुद को शोषित और उपेक्षित महसूस कर रहा है। पटवारियों की प्रमुख मांगों में कैडर रिव्यू लागू करना और पदोन्नति के साथ समयमान वेतनमान देना शामिल है। संघ ने बताया कि पटवारी संवर्ग की वेतनमान विसंगति को दूर करने के लिए शासन द्वारा तैयार कैडर रिव्यू का प्रस्ताव अभी भी लंबित है, जिसे तत्काल लागू किया जाना चाहिए। संगठन ने यह भी कहा कि वर्तमान में प्रदेश के अन्य कर्मचारी पदों की पदोन्नति के आदेश जारी किए जा रहे हैं, लेकिन पटवारी संवर्ग को इससे वंचित रखा गया है, जो अन्यायपूर्ण है। पटवारियों को कैडर रिव्यू का लाभ मिलने तक पदोन्नति का लाभ दिया जाना चाहिए। साथ ही, पदोन्नति से वंचित रहे पटवारियों को उनके पदोन्नति पद के सापेक्ष में समयमान वेतनमान का लाभ अति शीघ्र दिया जाए। इस धरना प्रदर्शन में मध्य प्रदेश पटवारी संघ आष्टा के अध्यक्ष बलराम रजक, मनोज बाथम, कमाल किर, गुलाब सिंह, राजेंद्र शर्मा, पद्मावती मंडलोई, महिपाल सिंह, दीपक राठौड़, लोकेंद्र ठाकुर, गजराज सिंह, सतीश मालवीय, अशोक वर्मा, विकास यादव, शुभम महेश्वरी, नरेंद्र जयसवाल, अर्चना मलाजपुरे और कृष्णकांत मेहरा सहित बड़ी संख्या में पटवारी उपस्थित रहे।

दतिया में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत पर आष्टा में मना विजय उत्सव

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मध्यप्रदेश के दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की शानदार जीत पर आष्टा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेन्द्र मेमदाखेड़ी के नेतृत्व में विजय उत्सव मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जमकर अपनी खुशी का इजहार किया तथा कांग्रेस के समर्थन में नारे लगाकर जीत का जश्न मनाया।

ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह मेमदाखेड़ी ने कहा कि दतिया की जनता ने कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों एवं विकास के पक्ष में अपना जनादेश दिया है। यह जीत प्रदेश में कांग्रेस संगठन को नई मजबूती प्रदान करेगी तथा कार्यकर्ताओं का उत्साह और बढ़ाएगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कमल चौहान, भैया एमपी,सौभालसिंह बागेर, एच आर परमाल, घनश्याम जांगड़ा, तोसीफ उद्दीन बाबा, फैज उद्दीन, सुनील सेठी, देवराज परमार, चंदर सिंह ठाकुर, कृपालसिंह मालवीय, सईद टेलर, कृपाल ठाकुर, अरविंद मेवाडा, लोकेंद्र भाटी, अमजद पटेल, रामचरण दवारिया, अखिलेश राजपूत, प्रदीप भाटी, हरि मेवाडा, मुमताज खान, खालिद खाकी, निसार मसूदी, कृपाल तोमर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कर जीत की खुशी साझा की और कांग्रेस नेतृत्व को बधाई दी।